न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा (राज.)

प्रकरण संख्या – 53/2021

पीठासीन अधिकारी – अमित कुमार वर्मा (आर.ए.एस.)

1 कन्हैयालाल पिता भैरूलाल वर्मा उम्र वयस्क निवासी वर्मा मौहल्ला, शाहपुरा तहसील शाहपुरा जिला भीलवाड़ा राज.

बनाम

————(प्रार्थी)

1 रामलाल पिता खाना गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
2 रामेश्वर पिता खाना गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
3 रामा पुत्री खाना गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
4 हेमी पुत्री खाना गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
5 गीता पुत्री रूपनाथ गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
6 छोटी पुत्री रूपनाथ गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
7 नोरी पुत्री रूपनाथ गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
8 प्रेमी पुत्री रूपनाथ गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
9 रतनी पुत्री रामा गुर्जर उम्र वयस्क निवासी डोई का खेडा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
10 जगदीश पिता रामदेव गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सांखलिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
11 दयाशंकर पिता रामदेव गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सांखलिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
12 महेन्द्र पुत्र रामदेव गुर्जर उम्र वयस्क निवासी सांखलिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.
13 प्रधानाध्यापक रा.उ.प्रा.वि. गणेशपुरा तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा राज.

————(अप्रार्थीगण)

उपस्थित–

प्रार्थी अधिवक्ता– श्री विजय पाराशर

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111, 128, रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 बाबत कराने पत्थरगढ़ी आराजीयात

निर्णय

दिनांक – 15.07.2021

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 111, 128 रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 इस न्यायालय मे दिनांक 05.04.2021 का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वाके **ग्राम डोई का खेडा पटवार मण्डल डेंलास भू.अ.नि. कनेछनकलां तहसील फुलियाकंला** मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 5 के **आ.न. 840/1050 रकबा 0.22 हैक्टयर, भूमि** स्थित हैं। उक्त वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पड़ौसी हैं। प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य आराजीयात के सीमा चिह्न नही.होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता हैं। जिससे कि प्रार्थी अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराना चाहता है। प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थनापत्र इस न्यायालय मे दिनांक 05.04.2021 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगणों को वजह जाहिर करने हेतु नोटिस जारी किये गये। विपक्षीगणों को जारी नोटिस बाद तामील रिकार्ड पर उपलब्ध है। किन्तु सूचित होने के उपरान्त भी विपक्षीगण नियत सुनवाई दिनांक 08.07.2021 पर वास्ते अपना पक्ष रखने, हाजिर नही होने से उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही के आदेश पारित किये गये। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अधिवक्ता प्रार्थीया को सुना गया। प्रस्तुत बहस प्रार्थनापत्र पर गौर किया गया। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व अभिलेखों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य प्रमाणित हैं कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते की कृषि भूमि हैं और इस प्रकार न्यायिक दृष्टि से एक खातेदार अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराने का हकदार हैं। अतः प्रार्थनापत्र प्रार्थी न्याय हित में स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थनापत्र विरूद्ध विपक्षीगण स्वीकार किया जाकर वाके **ग्राम डोई का खेडा पटवार मण्डल डेंलास भू.अ.नि. कनेछनकलां तहसील फुलियाकंला** मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 5 के **आ.न. 840/1050 रकबा 0.22 हैक्टयर,** भूमि की पत्थरगढ़ी बराबर ... पारित किया जाता है। उक्त आदेश की पालना के लिए भू–अभिलेख निरीक्षक कनेछनकलां को ... फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस प्रार्थीगण द्वारा अदा ... से न्यूनतम तीन दिन पूर्व सभी पड़ौसियान को उपरोक्त आराजियात की पत्थरगढ़ी हेतु लिखित ... पत्र से समय एवं तिथि बाबत सूचित करेंगे। मौके पर विवाद होने, किसी अन्य न्यायालय से आराजीयात पर ... होने की दशा में तथा मौके पर फसल होने की स्थिति में पत्थरगढ़ी नही की जावे। पक्षकारान उभयपक्ष की मौजूदगी मे ही पत्थरगढी की जाकर ... बिन्दू को आधार मानकर पत्थरगढ़ी किए जाने का आदेश प्रदान किया जाता है। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार फुलियाकंला को भिजवाई जावे। खर्चा फरीकेन अपना अपना वहन करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

यह आदेश आज दिनांक 15.07.2021 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Amit Kumar Verma
Date: 2021.07.22 16:57:20 IST
Reason: SelfAttested

(अमित कुमार वर्मा)
उपखण्ड अधिकारी
फुलियाकलां, जिला भीलवाड़ा